# श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति

ग्राम शिवपुर–टिमरूआ, पोस्ट–हरदोई, विकास खण्ड–सैफई, जिला–इटावा (उ0प्र0)

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन रिपोर्ट वर्ष 2018–2019

आज दिनांक 01–04–2019 को स्वंय सेवी संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय समिति शिवपुर टिमरूआ पो0 हरदोई तहसील सैफई जनपद इटावा (उ0प्र0) की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्था कार्यालय पर संस्था अध्यक्षा श्रीमती किरन यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 09 सदस्यों में से 7 सदस्यों ने भाग लिया बैठक का कोरम पूरा रहा इस बैठक में सर्व सम्मति से अध्यक्षा महोदय की अनुमति से वर्ष 2018–2019 की वार्षिक रिपोर्ट का पूर्ण विवरण संस्था के प्रबंधक/मंत्री श्री रामनरेश आचार्य जी ने प्रस्तुत किया जो निम्न है–

1. **स्कूल चलो अभियान का आयोजन–** गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों में अप्रैल के प्रथम सप्ताह में संस्था द्वारा संचालित श्रीमती कौशिल्या देवी बौद्ध विद्या मन्दिर टिमरुआ, श्रीमती कौशिल्या देवी जू0 हा0 स्कूल टिमरुआ एवं श्रीमती कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कालेज टिमरुआ के बच्चों एवं स्टाफ के सहयोग से आसपास के गाँव में रैली निकालकर शिक्षा हेतु जागरुकता अभियान को सफल बनाया गया जिसमें उन अभिभावकों को भी जागरुक किया जो किसी कारणवश अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते।

2. **विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन–** संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विद्यालय समिति द्वारा संचालित प्राइमरी, जूनियर एवं बालिका इण्टर कालेज, नशा मुक्ति केन्द्र एवं लक्षित हस्तक्षेप परियोजना औरैया, फर्रूखाबाद में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती मरीजों एवं अन्य जनमानस को स्वास्थ्य सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ देकर सभी को जागरूक करने का कार्य किया गया।

3. **डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर गोष्ठी का आयोजन–** 14 अप्रैल 2018 को संस्था ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर नशा मुक्ति केन्द्र इटावा एवं नवभारती बौद्ध विद्या मन्दिर परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया, गोष्ठी के माध्यम से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं, कार्यरत समस्त स्टाफ एवं आसपास रहने वाले लोगों को बाबा भीमराव अम्बेडकर के जीवन से अवगत कराया। मुख्य वक्ता श्री राजवीर राना ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का चरित्र आज के युवाओं को मार्ग दर्शन कराने का काम करेगा।

4. **पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन–** संस्था के द्वारा संचालित विद्यालयों में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, छात्र/छात्राओं ने अपने भाषण देते हुये बताया कि हम सभी अपने आस–पास अधिक संख्या में वृक्ष लगाकर अपनी पृथ्वी को आज के बढ़ते हुये प्रदूषण से बचा सकते है, क्योंकि पर्यावरण को शुद्व करने में वृक्षों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। इस प्रकार कई छात्र/छात्राओं ने अपने–अपने भाषण में पृथ्वी को हम कैसे बचा सकते है आदि पर चर्चा की।

Manager
Smt. Kaushalya Devi Poorva Madhyamik
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O -Hardoi Saifai, Distt.-Etawah (U.P.)

5. <u>नशा विरोधी झाँकी का नगर भ्रमण का आयोजन–</u> गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी संस्था ने बौद्ध जयन्ती के अवसर पर शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में संस्था द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र की झाँकी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र रही जिसमें लोगों को नशे से दूर रहने की शिक्षा देते हुये बेनर, पोस्टर लगे थे। जिन पर साफ–साफ दर्शाया गया था कि नशे से किस प्रकार के कुप्रभाव होते है और उन कुप्रभावों से बचने के लिये हमें क्या करना है कि हम सभी कुप्रभावों से बच सकें, एवं एक स्वस्थ जीवन जी सकें। शोभायात्रा का शुभारम्भ पूर्व सदर विधायक रघुराज सिंह शाक्य जी ने झण्डी दिखाकर किया, इस प्रकार शोभा यात्रा पूरे इटावा नगर का भ्रमण कर नुमाइश स्थिति बुद्ध पार्क पर पहुँचकर सम्पन्न हुई।

6. <u>31 मई 2018 अन्तर्राष्ट्रीय विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी का आयोजन–</u> आज दिनॉक 31 मई 2018 अन्तर्राष्ट्रीय विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति शिवपुर टिमरूआ पो0 हरदोई– सैफई जनपद इटावा द्वारा संचालित एवं भारत सराकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 30 विस्तरीय नशा मुक़्ति व पुर्नवास केन्द्र पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर केन्द्र में भर्ती मरीजों के बीच गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर केन्द्र के परियोजना निदेशक दामोदर बाथम ने कहा कि तंबाकू के कारण प्रतिवर्ष छः लाख लोग मुख के कैंसर से पीड़ित हो रहे है। तंबाकू एवं गुटका के सेवन से नौजवानों में नुपंसकता विकसित होती है, प्रबन्धक राम नरेश आचार्य जी ने कहा कि अत्यधिक धूम्रपान एवं तंबाकू के सेवन से फेफड़े में खराबी, आंत संबधी रोग एवं मस्तिष्क भी खराब हो जाता है। इसका इलाज जरूरी है। गोष्ठी में डा0 सुरेश चन्द्र कुशवाह, मोहन कुमार दीक्षित, हरीओम आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

7. <u>विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन–</u> 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा कई जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें वृक्षों को लाल फीता बांधकर उनको न काटने और न कटने देने वाली शपथ दिलायी गयी, गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के कार्यकताओं द्वारा लोगों से अपील की कि वह अपने आस–पास के क्षेत्र एवं गलियों को साफ सुथरा रखें, नालियों को भी साफ रखें, पोलीथीन को न जलायें, अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्षों को लगायें, पर्यावरण को शुद्व करने में वृक्षों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है दिन प्रतिदिन पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। इसलिये हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को प्रदूषित से रोकना है।

8. <u>26 जून 2018 अन्तर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस–</u> भारत सराकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति शिवपुर टिमरूआ, पो0 हरदोई– सैफई, जनपद–इटावा द्वारा संचालित 30 विस्तरीय नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्र पर अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी श्री अशोक यादव जी उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि जी ने बताया कि आज देश में युवाओं की प्रवृत्ति तेजी से नशे की ओर बढ़ रही है यह चिंतन का विषय है सवा करोड़ आबादी वाले इस देश का एक भी नागरिक नशे का शिकार होता है। तो हमारी जंजीर वही से कमजोर हो जाती है। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जि0वि0निरीक्षक श्री साधव सिंह यादव जी ने कहा कि पड़ोसी राज्य हमारे ऊपर सीधे आकमण करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है इसलिये वह नशीले पदार्थ हमारे देश में भेजकर युवाओं को पथ भ्रष्ट बनाने की चेष्टा कर रहा है और नशीले पदार्थों की बिकी से ही

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Madhyamik
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O.-Hardoi Saifai, Distt.-Etawah (U.P.)

उसका आतंकवाद का कारोबार चलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर के वरिष्ठ कवि नेम सिंह रमन ने नशे को समाज के लिये अभिशाप बताया एवं कवितायें सुनाकर श्रोताओं का मनोरंजन किया। इस अवसर पर संस्था के प्रबन्धक रामनरेश आचार्य एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह, श्रीमती उमेश वर्मा, मनोज कुमार, चन्द्रशेखर, कु0 ऊषा प्रजापति ने अपने विचार व्यक्त किये।

9. **नशा विरोधी कार्यक्रमों का आयोजन–** संस्था द्वारा 08/08/2018 को विद्यालय श्रीमती कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कालेज एवं श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विद्यालय में मधनिषेध विभाग, आगरा के सहयोग से नशा विरोधी कार्यक्रम के तहत निबंध, पोस्टर पेटिंग, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रा/छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। बाद में क्षेत्रीय मधनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी श्री राम सेवक यादवजी द्वारा विजेता छात्र/छात्राओं को पुरस्कार भी वितरित किये गये।

10. **हिन्दी दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन–** आज दिनांक 14 सितम्बर को संस्था द्वारा नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्र पर हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन केन्द्र किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जनपद इटावा के वरिष्ठ साहित्यकार श्री नेम सिंह रतन जी ने की। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए केन्द्र के परियोजना निदेशक दामोदर बाथम ने कहा कि आजादी के बाद 14 सितम्बर को हमारी मातृ भाषा हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में दर्जा दिया गया। रमन जी ने बताया कि हमारी आजादी का आन्दोलन ही हिन्दी हिन्दू हिन्दुस्तान को लेकर हुआ था। महात्मा गाँधी ने कहा था कि हम स्वतन्त्र भारत में हिन्दी को स्थापित नहीं कर पाये तो हमें आजादी के लिये संघर्ष करने की क्या आवश्यकता थी। इस अवसर पर डा0 सुरेश चन्द्र कुशवाहा, डा0 पी0के0 शुक्ला, श्रीमती उमेश, आशीष कुमार चौधरी और हरीओम आदि उपस्थित थे।

11. **विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रैली, गोष्ठी एवं केण्डिल मार्च का आयोजन–** आज दिनांक 1 दिसम्बर को एड्स दिवस के अवसर पर उ0प्र0 राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी द्वारा प्रायोजित एवं श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति शिवपुर –टिमरूआ पो0–हरदोई तहसील– सैंफई जनपद– इटावा द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया एवं फर्रुखाबाद में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कर्मचारियों द्वारा रैली, गोष्ठी एवं कैण्डिल मार्च का आयोजन किया जिसमें जिले के छात्र/छात्राओं जिला चिकित्सालय का स्टाफ एवं अन्य समाज के लोगों ने भाग लिया।

12. **30 दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन–** संस्था ने 03/12/2018 से 02/01/2019 तक इटावा की एतिहासिक नुमाइश की विकास प्रदर्शनी में एक महीने का जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्धाटन जनपद इटावा की जिलाधिकारी महोदया सेल्वा कुमारी जे, के द्वारा किया गया, साथ में जनपद इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदरणीय श्री अशोक कुमार जी, जिला विधालय निरीक्षक श्री राजू राणा जी, उपजिलाधिकारी सदर श्री सिद्वार्थ जी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजय सिंह जी आदि लोग उपस्थित रहे। सभी लोगों ने संस्था द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों की सराहना की ।

13. **सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन–** संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों में राष्ट्रीयों पर्वों 15 अगस्त, 26 जनवरी, 2 अक्टूबर आदि को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर लोगों को इसके महत्व को भी बताया।

Manager
Smt. Kaushlya Devi Poorva Madhyamik
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O.-Hardoi Saifai, Distt.-Etawah (U.P.)

**14. नशा मुक्ति केन्द्र का सफल संचालन–** श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति शिवपुर टिमरूआ पो0 हरदोई– सैफई जनपद इटावा द्वारा एवं भारत सराकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 30 विस्तरीय नशा मुक्ति केन्द्र पुरविया टोला (साँई मन्दिर के पीछे) पक्का तालाब, इटावा का वर्ष 2018–19 में सफल संचालन किया गया जिसमें लगभग 273 नशे से ग्रस्त रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया जो आज लगभग पूर्णतः स्वस्थ जीवन जी रहे है।

**15. लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया का सफल संचालन–** उ0प्र0 राज्य एड्स नियन्त्रण सोसायटी लखनऊ द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया का वर्ष 2018–19 में सफल संचालन किया गया एवं संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों को देखते हुए उसका लक्ष्य भी बढ़ाया गया।

**16. लक्षित हस्तक्षेप परियोजना का जनपद फर्रूखाबाद में सफल संचालन–** उ0प्र0 राज्य एड्स नियन्त्रण सोसायटी लखनऊ द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद फर्रूखाबाद का वर्ष 2018–19 में सफल संचालन किया गया एवं संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों को देखते हुए उसका लक्ष्य भी बढ़ाया गया।

**17. प्राइमरी, जूनियर एवं कन्या इण्टर कालेज का सफल संचालन–** समिति द्वारा संचालित विद्यालय श्रीमती कौशिल्या देवी बौद्ध विद्या मंदिर, श्रीमती कौशिल्या देवी जू0 हा0 स्कूल एवं श्रीमती कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कालेज टिमरुआ इटावा का वर्ष 2018–19 में सफल संचालन किया गया। जिसमें इण्टर कालेज का हाईस्कूल का परीक्षाफल 89 प्रतिशत एवं इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल 96 प्रतिशत रहा। संस्था की प्रबन्ध कार्यकारिणी के सदस्यों ने विद्यालय की इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय में कार्यरत प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को दिया।

**18. विश्व वानिकी दिवस पर रेड रिविन का आयोजन–** 21 मार्च संस्था द्वारा विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर रेड रिविन कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के कार्यकताओं के द्वारा अलग–2 स्थानों पर जाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का काम किया गया एवं वृक्षों पर रेड रिविन बांधकर उनकी रक्षा करने की शपथ दिलाई गयी।

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Madhyamik
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O.-Hardoi Saifai. Distt.-Etawah (U.P.)

# आगामी वर्ष 2019–20 में संस्था द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम

समिति की अध्यक्षा श्रीमती किरन यादव एवं अन्य सदस्यों की एक बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लेकर आगामी वर्ष 2019–20 के लिये कार्यक्रमों को प्रस्तावित किया गया। जो निम्नलिखित है–

1– भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 वि0 समिति टिमरुआ इटावा द्वारा संचालित 30 विस्तरीय नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र, इटावा के संचालन हेतु वर्ष 2019–20 में अनुदान वास्ते आवेदन पत्र तैयार कर उ0 प्र0 शासन की संस्तुति कराकर भारत सरकार को समय से भिजवाने का प्रयास करेगी।

2– संस्था द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र के अर्न्तगत सेंवा प्रदान करने हेतु नशा उन्मूलन जागरूकता वास्ते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी एवं ऐसे व्यक्ति को चिन्हित जो नशा करते है उनकों नशा छुडाने हेतु नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराने का प्रयास करेगी।

3– उ0 प्र0 राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी लखनऊ द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 वि0 समिति टिमरुआ द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया एवं फर्रुखाबाद के वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिये एग्रीमेण्ट बोण्ड भरने का कार्य करेगी।

4– संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास योजनाओं को संचालित कर रोजगार प्राप्त करने वास्ते सिलाई, कढ़ाई, फर्नीचर, दरी, कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी।

5– संस्था गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एच0आई0वी0/एड्स की बढ़ती हुई समस्या से बचने एवं सावधानी हेतु प्रचार–प्रसार कर लोगों को जागरुक करने का कार्य करेगी।

6– संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं एवं समस्त कार्यरत स्टाफ के सहयोग से गाँवों में, स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर ऐसे अभिभावकों को जागरुक करेगी जो अपने नौनिहालों का स्कूल नहीं भेजते हैं।

7– संस्था इस वर्ष बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओं के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का काम करेगी।

8– संस्था इस वर्ष पर्यावरण बचाने हेतु वृक्षारोपण कराने का कार्य करेगी।

9– टी0बी0 से बचाव हेतु प्रचार–प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम करवाने का कार्य करेगी।

10– संस्था जनहित में वे सभी कार्य–योजनाओं को क्रियान्वित करने की कोशिश करेगी जो समाज के लिये जरूरी हैं।

इस प्रकार वर्ष 2018–19 का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन सर्व सम्मति से उपस्थित सदस्यों के समक्ष अध्यक्षा महोदया की अनुमति से पारित हुआ।

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Madhyamik
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
PO -Hardoi Saifai. Distt.-Etawah (U P)